पंजाब केसरी 23/12/2023

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में शहीदी दिवस पर हुआ शबद गायन

अम्बाला, 22 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के पंजाबी और संगीत विभागों द्वारा शहीदी दिवस (बीर बाल दिवस) के उपलक्ष्य में बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित शबद गायन का आयोजन करवाया गया।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने कविता उच्चारण, शबद ध्यान, कथा वार्ता एवं बानी चर्चा आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगीत विभाग की अध्यक्षा डा. मनजीत कौर ने बीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को शहादत से संबंधित जानकारी देते हुए शहीद परिवार की शूरवीर गाथा से परिचित करवाया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित शहीदी दिवस (बीर बाल दिवस) पर शबद गायन करते प्राध्यापक एवं छात्र। (देवदत्त)

उन्होंने गुरु बानी से जुड़ने और अपने जीवन में गुरु के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। संगीत विभाग से तरणबीर सिंह ने तबले पर शबद गायन में संगत की। मंच संचालन पंजाबी विभाग की सहायक प्रवक्ता डा. जसवीर कौर ने किया।

इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बीर बाल दिवस के महत्व को वर्तमान से जोड़ते हुए श्री गुरु गोबिंद सिंह के परिवार की लासानी शहादत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने हिन्दुत्व के लिए शहादत दी, बड़े साहिबजादे धर्म की रक्षा के लिए बहादरी से लड़ते हुए जंग में शहीद हुए और माता गुजरी एवं बाल रूप में बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह ने अपने धर्म व विचारों पर अटल रहकर जुल्म के खिलाफ सच्चांई के लिए आवाज बुलंद की।

उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक घटनाओं से पता चला है कि यह शहीद परिवार समूची मानवता के लिए आदर्श और नई पीढ़ी के लिए एक प्रकाश की किरण हैं। हम सभी को इन कुर्बानियों को प्रेरणा के रूप में समझकर सीख लेनी चाहिए। इस कार्यक्रम में गुरजोत सिंह और गुरसिमरन सिंह ने शबद गायन किया।